**खबर संक्षेप**

## घर में घुसकर मारपीट करने वाले को 1 वर्ष का सश्रम कारावास

**शहडोल।** माननीय न्यायिक मजिस्टेट प्रथम श्रेणी जयसिंहनगर श्रीमती कमला उइके के द्वारा प्र.क्र. 38/2020 में अभियुक्त रामशरण प्रजापति पिता जमुना प्रजापति उम्र -38 वर्ष निवासी ग्राम लपरी थान सीधी जिला शहडोल को धारा 452 भादवि में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदण्ड तथा भादवि की धारा 323 में 3 माह का कारावास से दंडित किया गया। शासन की ओर से उक्त प्रकरण में संतोष कुमार पाटले सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी जयसिंहनगर ने पैरवी की। सहायक मीडिया प्रभारी अभियोजन राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा जानकारी दी गई कि प्रार्थी चौरसिया बाई के पति रामरतन प्रजापति खेत तरफ चले गये थे एवं उसका लड़का उग्रसेन प्रजापति मवेशी लेकर चला गया था, उसके जेठ जमुना प्रजापति का लड़का रामशरण प्रजापति से उसके पति से जमीनी विवाद को लेकर लड़ाई झगड़ा था तथा उसे जमीन विवाद को लेकर भूतही टोनही कहकर हमेशा गाली-गलौज करता था। 02 फरवरी 2020 को सुबह 06 बजे वह घर के अंदर झाडू लगा रही थी, तभी उसका भतीजा आया और जमीनी विवाद व भुतई टुनही की शंका को लेकर उसे गालियां देने लगा। उसने उसे गाली देने से मना किया तो भतीजा घर के अंदर घुस गया और हाथ में लिए डण्डे से मारपीट करने लगा। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत आरोपीगणों को उपरोक्तानुसार दण्ड से दंडित किया गया।

### कारण बताओ नोटिस जारी, कंपनी को अनुचित लाभ दिलाने का प्रयास

## सामग्री क्रय में धांधली पकड़ाई, सिविल सर्जन की खुली पोल

**जिला अस्पताल में एक अर्से से व्याप्त अंधेरगर्दी व सिविल सर्जन राज का अब शायद अंत निकट आ चुका है। हाल ही में कलेक्टर ने अस्पताल के लिए खरीदी गई सामग्रियों में धांधली स्पष्ट होने पर सिविल सर्जन डॉ. जीएस परिहार को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है। यही नहीं मामले की जांच के लिए दल भी गठित किया गया है।**



शहडोल

अस्पताल के लिए कुछ सामग्रियों की खरीदी का शासकीय मसौदा कुछ और था लेकिन खरीदी के समय इसकी उपेक्षा करते हुए मनमानी की गई। ज्ञातव्य है कि सामग्री खरीदी में शासकीय प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए कंपनी को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। गड़बड़ी तब सामने आई जब सामग्री का क्रय समिति द्वारा भोतिक सत्यापन कराकर प्रमाण पत्र देयकों के साथ कलेक्टर के पास भेजा गया। प्रस्तुत देयकों का अवलोकन करने पर कार्यालयीन लेखा शाखा द्वारा पाया गया कि डीजी सेट डीजल जनरेटर रायपुर से क्रय किया गया है। उपरोक्त सामग्री के भुगतान हेतु प्रस्तुत देयकों का अवलोकन करने पर कार्यालययीन लेखा शाखा द्वारा कई विंदुओ पर गड़बड़ी पायी गई।

### मॉडल में अंतर मिला

प्राप्त देयक में वर्णित सामग्री एवं प्रशासकीय स्वीकृत आदेश में उल्लेखित सामग्री के मॉडल एवं विवरण में अंतर पाया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आपके द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति आदेश के निर्धारित सरल क्रमांक 01 में वर्णित सामग्री से भिन्न स्तर की सामग्री क्रय की गई है। जिसमें चिकित्सकों की क्रय समिति का भौतिक सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है, जबकी किसी शासकीय विभाग के तकनीकि जानकार (कार्यपालन यंत्री स्तर का) से भौतिक सत्यापन / निरीक्षण कराया जाकर सत्यापन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाना चाहिए था किंतु आपके द्वारा ऐसा नहीं किया गया।

### क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम का उल्लंघन

आपके द्वारा प्रस्तुत मांग पत्र एवं विवरण अनुसार सामग्री क्रय हेतु कलेक्टर एवं उपाध्यक्ष जिला खनिज प्रतिष्ठान शहडोल द्वारा आदेश में वर्णित शर्तो के आधार पर प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारी किये गये है किंतु आपके द्वारा जारी की गई प्रशासकीय स्वीकृति आदेश के सरल क्रमांक 01 में वर्णित सामग्री से भिन्न स्तर की सामग्री क्रय किया जाकर मध्यप्रदेश भण्डार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 के प्रावधानों एवं आदेश में वर्णित शर्तो व खनिज साधन विभाग भोपाल द्वारा प्राप्त अनुमोदन की शर्तों का उल्लंघन किया गया है।

### लापरवाही व अनियमितता पर नोटिस जारी

आपके द्वारा मध्यप्रदेश भण्डार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 के नियमों एवं प्रशासकीय स्वीकृति आदेश में वर्णित शर्तो का पूर्णरूप से पालन न करते हुए सामग्री क्रय करने की कार्यवाही की गई है। जो कि शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता को दर्शाता है। आपके द्वारा संबंधित संस्था को अनुचित लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है। आपके द्वारा किया गया यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 उपनियम (15) की धारा 13 का उल्लंघन है। अतः पत्र प्राप्ति के 3 दिवस के अंदर अपना जवाब प्रस्तुत करें। समय-सीमा के अन्दर समाधानकारक एवं संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर आपके द्वारा किये गये उक्त कृत्यों (वित्तीय अनियमितता) के लिए क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए आपकी 02 वेतन वृद्धि असंचायी प्रभाव से रोके जाने की कार्यवाही प्रस्तावित की जावे।

### जांच दल भी गठित

कलेक्टर ने मामले की सम्यक जानकारी के लिए चार सदस्यों की समिति गठित कर दिया है। उपरोक्त गठित समिति को निर्देशित किया गया है कि सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय शहडोल में की गई खरीदी की तथ्यात्मक जाँच कर प्रतिवेदन एक सप्ताह में तैयार कर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। ताकि रिपोर्ट के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। ज्ञातव्य है कि जिला अस्पताल में भर्रेशाही सिविल सर्जन का शगल बन चुकी है। इस मामले में भी उन्होने यही धांधली की, लेकिन इस बार यह उनके गले की फांस बन सकती है।

## मज़दूर दिवस अमर है, अमर दिवस रहेगा : हरिद्वार

**शहडोल।** संयुक्त कोयला मज़दूर संघ के एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के शाखा द्वारा आयोजित मज़दूर दिवस के कार्यक्रम में केंद्रीय महामंत्री एसईसीएल एवं एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड हरिद्वार सिंह ने मई दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से अपनी बात को रखी, कामरेड सिंह ने झंडारोहण, शहीदों को फूल माला अर्पित करने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 1886 में अमेरिका के शिकागोशहर में आठ घन्टा काम, आठ घंटा आराम, आठ घंटे मनोरंजन के नारे के साथ मज़दूरों द्वारा बहुत बड़ी रैली निकाली गई, सभी कल कारख़ानें आंदोलन के समर्थन में ठप हो गए, मालिकों के इशारे पर पुलिस ने मज़दूरों पर गोली चलायी और आठ मज़दूर शहीद हो गए, इसके बाद मज़दूरों का आक्रोश पूरे देश वे फैल गया और मज़दूरों को पहली विजय मिली, उस समय जगने से काम शुरू होता था और सोने तक काम जारी रहता था, ऐसी परिस्थिति में पूंजीवादी देश में अपनी बात को मनवा कर मज़दूरों ने बहुत बड़ा काम किया था, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1889 में तमाम समाजवादी देशों ने मिलकर फैसला किया 01 मई मज़दूर दिवस के रूप में मनाया जाएगा। भारत में अंग्रेज़ी हुकूमत ने इसे स्वीकार नहीं किया, 1920 में एटक की स्थापना हो चुकी थी और 1923 में मज़दूर आंदोलन के प्रणेता कामरेड सिंगार वैल्यू चेटियार ने मद्रास शहर में तीन रैली निकाल कर माँग किया कि आठ जनता काम, आठ घंटा आराम, आठ मनोरंजन यही मज़दूरों की माँग है। अंग्रेज़ी हुकूमत ने कामरेड सिंगापुर वेल्यु चेटियार को गिरफ़्तार कर लिया, एटक ने निरन्तर मजदूर दिवस मनाते रहा, 1980 मैं इंदिरा गांधी की सरकार ने कम्युनिस्टों के दबाव में मई दिवस को सार्वजनिक छुट्टी देने की घोषणा की, यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि थी किन्तु आज फिर से सरकार के सह पर पूंजीपति मज़दूरों से दुबारा 12 घंटा काम लेने लगे हैं, आराम के बग़ैर बड़े पैमाने पर मजदुर बीमार होने लगे है, पूंजीपति मज़दूरों को स्थाई प्रकृति के काम में भी ठेकेदारी प्रथा को लागू कर दिए हैं, सामाजिक सुरक्षा का नामो निशान नहीं है, पेंशन बंद किए जा रहे हैं, ऐसी स्थिति में मई दिवस की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है, हमें एक और लड़ाई लड़नी होगी शिकागो की घटना की पुनरावृत्ति करनी होगी, मज़दूरों के बेहतर जीवन के लिए संघर्ष और तेज करना पड़ेगा आज के दिन हमें यही प्रतिज्ञा लेनी चाहिए।



## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशामुक्त भारत अभियान से जुड़ने किया प्रेरित

**शहडोल।** पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के संयोजन में 23 अप्रैल से 26 अप्रैल तक नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। सचिव व जिला न्यायाधीश श्रीमती कुमुदिनी पटेल के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम छतवई, कल्याणपुर एवं शहडोल में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। 'एक नई रोशनी हम लायेंगे, अभियानों से नशा मुक्ति हम भारत देश बनाएंगे' गीत के माध्यम से लोगों में नई ऊर्जा का सृजन कर नशा छोड़ने और सहज जीवन जीने के लिए जागरूक किया गया। गौरतलब है कि विगत कई वर्षों से शहडोल संभाग में युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ते जा रही है। बिना किसी रोक के नशीले पदार्थों की खरीदी हो रही है। स्कूली बच्चे भी दिशाहीन होकर नशे में अपने भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे में एक जागरुक युवा ही इन चीजों से दूर रहकर समाज के उत्थान में सहभागी हो सकता है। कुमुदिनी पटेल ने कहा कि नशे की आदत छूटने में समय लगता है। व्यक्ति कई प्रकार की शारीरिक व मानसिक समस्याएं झेलता है। ऐसे में उसे पूरा सहयोग देने के लिए एवं उसके संकल्प को पूर्ण करने के लिए नशा मुक्ति केंद्र का गठन हुआ है। उचित सहयोग व इनाम राशि देकर व्यक्ति के पुनर्विकास किया जाएगा। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयसेवको के प्रयासों को प्रशंसा की। कार्यक्रम में रासेयो पूर्व वरिष्ठ स्वयंसेवक सत्येंद्र सिंह चौहान, श्रुति तिवारी, सुचिता तिवारी, शाहीन खान, नीलेश प्रजापति, उत्तरा विश्वकर्मा, राजकुमार जाटव, अनामिका सिंह धुर्वे, प्रीति विश्वकर्मा, कृतिका शर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव आदि स्वयंसेवकों ने सहभागिता निभाई।




## समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक ने की विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा

शहडोल।

**पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में लंबित अपराध, मर्ग, सीएम हेल्पलाईन शिकायत, चालानी कार्यवाही समेत विभिन्न विषयों के अंतर्गत समीक्षा करते हुए कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, समस्त एसडीओपी एवं जिले के समस्त थाना-चौकी प्रभारीगण शामिल रहे।**



बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित अपराधों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में थानावार लंबित गंभीर अपराधों, महिला संबंधी अपराध, एसटी-एससी एक्ट के अपराधों की समीक्षा करते हुए विवेचना पूर्ण कर त्वरित निकाल करने हेतु निर्देश दिये गए। थानावार लंबित मर्गों की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने थाना प्रभारियों को लंबित मर्गों की जांच पूर्ण कराकर समयावधि में त्वरित निकाल करने हेतु निर्देश दिये। साथ ही अधिकतम 06 माह की समयावधि के भीतर मर्ग जांच पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिये गए। बैठक में सीएम हेल्पलाईन शिकायतें की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा शिकायतो का संतुष्टीपूर्ण निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। शिकायतो को प्रतिदिन थाने स्तर पर समीक्षा कर शिकायतो को तत्परता से निकाल करने हेतु निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में लंबित एससी,एसटी अपराधो की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान लंबित अपराधो को समय-सीमा 60 दिवस में निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही एससी-एसटी एक्ट के प्रकरणों में शीघ्र राहत प्रकरण तैयार कर संबंधित विभाग को भेजकर स्वीकृत कराने के निर्देश दिये गए। बैठक में लंबित महिला संबंधी अपराधो की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान लंबित मामलों में शेष विवेचना कार्यवाही निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर विधिवत निराकरण के निर्देश दिये गए। जिले के यातायात व्यवस्था को सदृढ व व्यवस्थित करने के संबंध में डीएसपी यातायात को निर्देश दिए गए। जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉटो पर अन्य एजेन्सीयों से सहयोग प्राप्त कर सुधार कार्य पूर्ण कराये जाये। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त पीओएस मशीनों के माध्यम से प्रति मशीन प्रति दिवस न्यूनतम 06 चालान करने हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से भी चालानी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी प्रकार एक्सीडेंट का डाटाबेस तैयार करने हेतु आईआरडी में प्रविष्टि हेतु लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। इसमें प्रविष्टि हेतु शेष प्रकरणों की जानकारी शीघ्र अपलोड कर उसे पूर्ण किया जाये एवं सभी थानों के अंतर्गत लंबित प्रविष्टियों को आगामी 02 दिवस में पूर्ण कर पालन प्रतिवेदन भेजने हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। वहीं लंबित स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटों की समीक्षा करते हुए वारंटों की तामीली बढ़ाने और सतत रूप से कॉम्बिंग गश्त आदि के माध्यम से वारंटों की तामीली करने हेतु थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

साथ ही लोक अदालतों से प्राप्त होने वाले नोटिसों की तामीली की थानावार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि लंबित नोटिसों की तामीली त्वरित रूप से की जाए साथ ही तामीली व्हाट्सएप आदि के माध्यम से न करते हुए भौतिक रूप से व्यक्तिशः की जाए। लोकसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां सतत रूप से जारी रखी जाये एवं नियमानुसार बाउंड ओव्हर एवं बाउंड डाउन की कार्यवाहियां की जाये। सक्रिय आदतन अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर एवं रासुका की कार्यवाही प्रस्तावित की जायें तथा अवैध शराब एवं नशे के विरूद्ध लगातार कार्यवाहियां की जाये एवं बड़ी मात्रा में अवैध शराब एवं गांजा आदि की खेप पकड़कर तस्करों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जायें। लोक सभा निवार्चन 2024 के तृतीय चरण में चुनाव ड्यूटी हेतु जिले से बल मुरैना भेजा जाना है रक्षित निरीक्षक शहडोल को समुचित व्यवस्थाओं के साथ बल को समय से रवाना करने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सभा निवार्चन 2024 के परिप्रेक्ष्य में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अंतर्राज्जीय बार्डर चेक पोस्ट एंव एसएसटी को सक्रिय रखा गया है। थाना प्रभारी सीधी एवं जैतपुर को बॉर्डर पर सतत रूप से वाहनों की चेकिंग जारी रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## राजनीति का शिकार बनी करकेली विकासखंड की दम तोड़ती स्वास्थ्य व्यवस्था

नौरोजाबाद

**मध्य प्रदेश में भले ही डॉक्टर मोहन यादव की सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर के जुटी हुई है, लेकिन निचले स्तर की अधिकारी राज्य सरकार की सकारात्मक सोच पर पलीता लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं, बात अगर उमरिया जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों की करें तो पूरे जिले भर में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर के जिस तरीके से जिले के कलेक्टर धर्नेंद्र कुमार जैन के द्वारा लगातार स्वास्थ्य विभाग को हिदायत दी जाती है कि अमला मैदानी स्तर पर जाकर के काम करें और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टर नियमित रूप से उपलब्ध हो, लेकिन कलेक्टर की आदेशों के विपरीत उमरिया जिले की तस्वीर कुछ और ही है।**




डॉ. वी.एस. चंदेल के पास में करकेली विकासखंड के खण्ड चिकित्सा अधिकारी के दायित्व के साथ-साथ जिला मलेरिया अधिकारी का प्रभार भी दिया गया है, जबकि जिला चिकित्सालय में इन दिनों डॉक्टर की पर्याप्त संख्या है, एक ही डॉक्टर को दो-दो प्रभार देने के कारण डॉ. चंदेल की करकेली विकासखंड के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवाएं दम तोड़ती नजर आ रही हैं, लेकिन डॉक्टर साहब की राजनीतिक पकड़ ऐसी की मजाल ह, कोई उनसे कोई भी प्रभार लेकर के किसी जिम्मेदार डॉक्टर को दे दे, सप्ताह में 2 दिन का समय जिला चिकित्सालय में ओपीडी में बैठने के लिए डॉक्टर चंदेल के लिए नियत किया गया है लेकिन डॉक्टर साहब अपनी मनमर्जी से जब चाहे तब जिला चिकित्सालय में नजर आते हैं, यही कारण है कि करकेली विकासखंड के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ डॉक्टर भी डॉक्टर चंदेल की राह पर चलते हुए जिला मुख्यालय में ही डटे रहते हैं, बात अगर करकेली स्वास्थ्य केंद्र की की जाए तो यहां इलाज के नाम पर सिर्फ जिला चिकित्सालय में रेफर करने का काम किया जाता है।

ऐसा नहीं है कि यहां डॉक्टर की पदस्थापना इन स्वास्थ्य नहीं की गई है, करकेली में डॉ. सैफ मोहम्मद और डॉ. सुमित कुशवाहा के साथ-साथ डॉक्टर दीपक द्विवेदी को तैनात किया गया है, लेकिन स्थानीय नागरिक वेद प्रकास उपाध्याय बताते हैं कि यह डॉक्टर अधिकतर समय जिला मुख्यालय में ही बिताते हैं, अगर कभी आए भी तो सुबह 11 बजे आने के बाद सिर्फ कुछ एक घंटे रुकने के बाद जिला मुख्यालय रवाना हो जाते है, अगर रात में कोई कैजुअल्टी का मामला आ गया तब तो आम आदमी को जान से भी हाथ धोना पड़ जाता है, इसके साथ ही जानकारी यह भी निकाल करके सामने आ रही है कि करकेली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अधिकतर समय सिर्फ नर्सिंग और वार्ड बॉय के भरोसे ही स्वास्थ्य केंद्र का संचालित रहता है।

वहीं अगर चंदिया की बात कर ली जाए तो चंदिया में भी डॉक्टर छवि सिंह बीते कई वर्षों से पदस्थ हैं, लेकिन चंदिया स्वास्थ्य केंद्र का हाल यह है कि यहां के जो अधिकतर रेफर केस चंदिया से जिला चिकित्सालय आते हैं, उनमें वार्ड बॉय और टेक्नीशियन के हस्ताक्षर होते हैं, जिले की चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर आगर जिले के संवेदनशील कलेक्टर ध्यान देंगे तो उन्हें खुद भी तमाम समस्या यथावत नजर आएगी।

## 118 लीटर अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 30 अप्रैल को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 20 स्थानों पर दबिश देकर कुल 118 लीटर कच्ची महुआ जप्त की गई।



# सड़क निर्माण में खपा रहे चोरी की मुरुम

## सीएमओ से सांठगांठ कर ठेकेदार कर रहा मनमानी

उमरिया

नागरिकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बिरसिंहपुर पाली नगर पालिका परिषद में अधोसंरचना मद से करोड़ों के काम स्वीकृत हुए हैं। लेकिन निर्माण कार्यों में जमकर धांधली की जा रही है। सीएमओ से साठगांठ कर ठेकेदार मनमानी कर रहा है। एक तो गुणवत्ताविहीन कार्य कराए जा रहे हैं और फिर चोरी का मटेरियल उपयोग में लाया जा रहा है। सीएमओ को इसकी कोई परवाह नहीं है। ठेकेदार के काम का मौका मुआयना व कार्य सत्यापन, मूल्यांकन आदि के लिए उपयंत्री भी क भी स्थल पर निरीक्षण करने नहीं जाते। ज्यादातर ठेकेदार व उपयंत्री सीएमओ के चेम्बर में ही बैठे चापलूसी करते रहते हैं। रायल्टी के मामले में सीएमओ की मंशा है कि काम के बाद भुगतान कर देंगे। मतलब जब सांप निकल जाएगा तो फिर लकीर पीट लेंगे।

### यह है लागत व कार्य

बिरसिंहपुर पाली नगर पालिका परिषद में मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से 3 करोड़ 84 लाख रूपये की लागत से बजट स्वीकृत हुआ है। जिसके अंतर्गत 2 सडक़, 1 कार्यालय, 1 ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जाना है। इन कार्यों की एक अर्से से मांग की जा रही थी और जनहित में इनका निर्माण कराया जाना अनिवार्य सा हो गया था। इनका ठेका किसी सतीश गुप्ता को दिया








गया है। वर्तमान में वार्ड नंबर 15 दफाई कालोनी में 92 लाख की लागत से सीसी सडक़ का निर्माण शुरू हो चुका है। इस पूरे खेल के पीछे बंटी नामक व्यक्ति का नाम सामने आ रहा है। बताते हैं कि वह पर्दे के पीछे रहकर अपने रिश्तेदार सतीश गुप्ता के नाम पर करोड़ों का ठेका लिया है।

### चोरी की मुरुम से चल रहा काम

इस कार्य में निरंतर चोरी की मुरूम का उपयोग हो रहा है। झुड़की जंगल के भू-खण्ड से कथित ठेकेदार बगैर अनुमति के मुरूम की खुदाई कर रहा है। खबर है कि ठेकेदार द्वारा बीते दिनों सैकड़ों ट्राली मुरूम बगैर खनिज, राजस्व व वन विभाग से बिना अनुमति लिए खुदवा कर उपयोग की गई है। सडक़ निर्माण के नाम पर सैकड़ों ट्राली मुरुम निकाली गई। लेकिन यह जांचने परखने की जरूरत किसी ने महसूस नहीं की कि जब जिले भर में कही मुरुम की खदान नहीं चल रही है तो फिर इतनी बड़ी तादात में मुरुम कहां से लाई जा रही है? क्या इसकी रायल्टी दी जा रही है? अगर नहीं तो फिर चोरी का माल खरीदना और उसका उपयोग करना भी एक दण्डनीय अपराध है और यह अपराध निरंतर नगरपालिका परिषद द्वारा किया जा रहा है।

### बोर्ड का पता नहीं

कार्य जारी है, लेकिन प्राक्कलन का बोर्ड कहीं दिखाई नहीं पड़ रहा है। जबकि निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में जरूरी जानकारियां सार्वजनिक किए जाने हेतु शासन के स्पष्ट प्रावधान हैं। बोर्ड बिना लोगों को संबंधित योजना की जानकारी नहीं हो पाती है। ऐसे में ठेकेदार मनमाने ढंग से कार्यों को अंजाम दे रहा हैं। कई लोगों ने बताया कि कार्य के समय बोर्ड लग जाने की स्थिति में लोग वहां पूछताछ करने लगते हैं और अधिकारियों को गोलमाल करने की गली नहीं मिल पाती है। हैरानी की बात यह है कि नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष को भी मौका मुआयना करने की फुर्सत नहीं मिल पा रही है।

### निजी भूमियों की हो रही खुदाई

एक जानकारी के अनुसार मुरुम की आपूर्ति के लिए ठेकेदार ने कुछ आदिवासियों के भूखण्ड का चयन किया है। वह उन आदिवासियों को पैसे का प्रलोभन देकर उनकी जमीनों से मुरुम निकलवा रहा है। अब तक सैकड़ों ट्राली मुरुम खपाई जा चुकी है। उपयंत्री भी न तो मौका मुआयना करने जाते हैं और न कार्य की गुणवत्ता देख रहे हैं। कार्य की हालत यह है कि वह गुणवत्ताविहीन कराया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा न तो मुरुम की रायल्टी दी जा रही है और न रेत की। रेत भी चोरी की लगाई जा रही है।

### इनका कहना है

पहले काम हो जाने दें फिर बाद में रायल्टी दे दी जाएगी।

**भूपेन्द्र सिंह**
**सीएमओ**
**नगरपालिका परिषद, पाली**

# चंदिया उर्स कार्यक्रम स्थल का बांधवगढ़ एसडीएम ने किया निरीक्षण



**उमरिया।** चंदिया हजरत नौगजा में शाहदाता रहमतुल्ला अलैह का तीन दिवसीय उर्स का आयोजन 10 मई , 11 एवं 12 मई को आयोजित होगा। उर्स के दौरान समस्त व्यवस्था उपलब्धय रहे इसके लिए एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया ने उर्स स्थल का औचक निरीक्षण किया एवं उर्स के अवसर पर लगने वाले मेले की तैयारियों का जायजा लिया तथा आवश्यवक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल, सीएमओ किशन ठाकुर सहित उर्स कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### उर्स का आयोजन की बैठक आज

चंदिया हजरत नौगजा में शाहदाता रहमतुल्ला अलैह का तीन दिवसीय उर्स का आयोजन 10 मई, 11 एवं 12 मई को किया गया है । जिसके संबंध में बैठक का आयोजन 2 मई प्रातः 11 बजे से नगर परिषद चंदिया के सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

# प्याऊ के खुलने पर राहगीरों को मिलेगा ठंडा पेयजल



**उमरिया।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला उमरिया नवांकुर संस्था तरुण शिक्षा एवं समाज कल्याण सेवा समिति सेक्टर क्र.-1 पाली द्वारा निःशुल्क प्याऊ जल का उद्घाटन पटेल वार्ड नंबर-1 में ब्लॉक समन्वयक पुष्पा टेकाम द्वारा फीता काट कर किया गया एवं राहगीरों को भण्डारे में खिचड़ा वितरण किया गया। कार्यक्रम में ब्लाक समन्वयक पुष्पा, मेंटर शशि साहू, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड नंबर-15 के अमित दत्ता, नगर विकास प्रफुटन समिति वार्ड नंबर-1 के राहुल विश्वकर्मा, तरुण विश्वकर्मा, गोयरा के एसडब्ल्यू छात्र रवि प्रकाश सिंह, पिंकी मिश्रा, मीना विश्वकर्मा, सरिता विश्वकर्मा, ज्योति विश्वकर्मा, संतोषी अग्रवाल, श्रीमती शोभा मिश्रा, अंकित मिश्रा, राज मिश्रा, पंकज विश्वकर्मा, रामदयाल बैगा, शेखर, राधे, सुजल आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ कोषालय अधिकारी को सौंपा गया जिला पेंशन अधिकारी का प्रभार

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने राजाराम लडिया जिला पेंशन अधिकारी का आकस्मिक निधन 27 अप्रैल को हो जाने पर जिला पेंशन अधिकारी का पदभार अखिलेश कुमार पाण्डेय राज्य वित्त सेवा अधिकारी वरिष्ठ कोषालय अधिकारी को आगामी आदेश तक सौपा है। श्री पाण्डेय अपने अन्य दायित्वों के साथ साथ जिला पेशन अधिकारी उमरिया का पदभार प्रभाव से प्राप्त कर राज्य शासन द्वारा जिला पेंशन अधिकारी उमरिया के पद पर नियमित पदस्थापना तक दायित्वा का निर्वहन करेगे।

# समर कैम्प के तहत विभिन्न खेल गतिविधियों के शिविर प्रारंभ

## कौडिया में आयोजित की गई विभिन्न खेल गतिविधियां

**उमरिया।** जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिले में ग्रीष्म अवकाश में समर कैम्प चिन्हित स्थलों पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित गया। यह समर कैंप 31 मई तक चलेगा। शासकीय उमावि कौडिया खेल प्रांगण में शिविर के शुभारंभ के अवसर पर व्हालीवाल, फुटबाल, खोखो, कबड्डी की प्रतियोगिता आयोजित की गई । इस अवसर पर शिविर के प्रभारी सुनीता सिंह प्रभारी प्राचार्य, संजय नामदेव व्यायाम निर्देशक एवं योग प्रभारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही सायंकाल में वादन, गायन, नृत्य, चित्रकला, कूल डाउन एक्साईज की गतिवधियां आयोजित की गई।

समर कैंप के तहत शासकीय बालक उमावि कालरी उमरिया, बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदिया स्टेडियम, शासकीय उमावि कौडिया खेल प्रांगण, शासकीय उमावि करकेली खेल प्रांगण, रामलीला मैदान नौरोजाबाद, शासकीय उमावि घुलघुली खेल प्रांगण, शासकीय उमावि अमरपुर खेल प्रांगण, नगर परिषद मानपुर स्टेडियम ग्राउण्ड, शासकीय उमावि बल्हौड खेल प्रांगण, कन्या शिक्षा परिसर पाली खेल प्रांगण , शासकीय उमावि विद्यालय बिलासपुर का खेल प्रांगण गतिविधिया आयोजित की गई । समर कैम्प में बॉलीबाल , हैंडबॉल, हॉकी, क्रिकेट,कबड्डी, फुटबॉल, खो, खो, एथलेटिक्स कराते,सायं कालीन विधाएं वादन, गायन, नृत्य चित्र कला, कूल डाउन एक्सरसाइज, बैटमिंटन की प्रतियोगिता आयोजित की गई ।



समर कैम्प में प्रातः 5:30 से 8 एवं सायं काल 4:30 से 07 तक चिन्हित गतिविधियों के साथ सम्पादित की गई। प्रातः 5:30 बजे से 6 बजे तक सामूहिक रूप से योगासन, 6 बजे से 6:30 बजे तक सामूहिक पी.टी., 6:30 बजे से 7:30 तक विधापार खेल के कौसानों का अभ्यास, 7:30 बजे से 8 बजे तक सभी आयोजित खेलों के लिखित तौर पर जानकारी नीट कराया गया एवं 8 बजे सामूहिक विसर्जन किया गया) तथा द्वितीय चरण (समय शाम 4.45 बजे से 5.5 बजे तक समूहिक वार्मअप, 5:10 बजे से 6:30 बजे तक खेलों पर आयोजन किया गया। सायं 6:30 बजे से 7 एक्सरसाईस एवं खेल क्लास कर सामूहिक विसर्जन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम वादन, गायन, चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर युवाओं की टोली ने मजदूरों का किया सम्मान

उमरिया। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम के द्वारा मजदूर वर्ग को लोगों को इक_ा कर पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे की उपस्थिति में मजदूरों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मजदूरों को पुष्पगुच्छ, फल, बिस्कुट, आम रस व पानी बोतल उपहार स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया गया।



पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने मजदूरों को सम्मानित करते हुए कहा कि मजदूर देश के विकास के महत्वपूर्ण कड़ी है इसके बिना सहयोग के विकास संभव नहीं है, इसलिए हमें मजदूरों के साथ प्रेम और मानवता का व्यवहार करना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को आर्थिक रूप से शासन और सुदृढ़ बनाने में मजदूरों की भूमिका सर्वोपरि होती है मजदूर ही परिवार समाज और राष्ट्र का स्तंभ होता है रात दिन अपने आजीविका के लिए वह मेहनत तो करता ही है लेकिन साथ ही साथ समाज और राष्ट्र को भी समृद्ध बनाता है। खेती से लेकर विज्ञान शास्त्र निर्माण तक मजदूरों की भूमिका सराहनी रही है। हम सभी समाज के लोगों को मजदूरों को सम्मान देने के साथ-साथ उनकी रक्षा और सुरक्षा करने में आगे बढ़कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहिए। मजदूरों के सम्मान के अवसर पर अपने संबोधन में हिमांशु तिवारी ने कहा कि देश की भाग निर्माण में श्रमिक समाज की निर्विवाद भूमिका रहती है। प्रारंभ से ही इस वर्ग मैं संघर्ष करते हुए अपना विकास किया है उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि एक क्षमता पूर्ण समाज के निर्माण के लिए मजदूरों ने सदैव बलिदान दिया है चाहे वह स्वतंत्रता संग्राम हो या आजादी बाद राष्ट्र निर्माण। मजदूर वर्ग का योगदान अविस्मरणीय है और आगे भी रहेगा।श्रम की प्रतिष्ठा हर परिस्थिति में होना ही चाहिए क्योंकि श्रम के कारण ही आज विश्व इस स्थिति में पहुंचा है श्रम से व्यक्ति सुनने से शिखर तक पहुंच सकता है सैम के कारण ही विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में समर्थ होते हैं। इस दौरान थाना प्रभारी मदन लाल मारवी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे,युवा ,खुशी सेन,राहुल सिंह,श्रीराम तिवारी, नैंसी सोनी, मजदूर वर्ग से लालू साहू, श्याम बाई, दुर्गेश यादव, मुन्नी पनिका, उर्मिला सेन, आरिका बेगम उपस्थित रहे।

# कमिश्नर ने आवास निर्माण का कार्य पुनः प्रारंभ करवाया



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस. जामोद को सोहागपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत मैकी की श्रीमती सुलखी बाई बैगा ने आवेदन करते हुए बताया कि उन्हें अपने निजी पुश्तैनी भूमि जिसका खसरा नंबर 550/6 रकबा 0.53 डिसमिल है, में पूर्व में आवास स्वीकृत हुआ था। इस भूमि में आवास बनाने पर गांव के कुछ लोगों द्वारा गतिरोध उत्पन्न किया जा रहा है तथा आवास का कार्य प्रारंभ करने पर उन्हें धमकी दी जा रही है श्रीमती सुलखी बाई बैगा ने कमिश्नर से आग्रह किया कि उन्हें उनकी निजी भूमि में आवास बनाने हेतु उचित कार्रवाई की जाए तथा आवास बनाने में गतिरोध उत्पन्न करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। कमिश्नर श्री जामोद ने इस विषय में वस्तु स्थिति की जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल से ली तथा निर्देश दिए की श्रीमती सुलखी बाई को आवास बनाने में आ रही गतिरोध को दूर करें तथा इस संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कमिश्नर के निर्देश पर अधिकारियों के दल ने ग्राम मैकी पहुंचकर श्रीमती सुलखी बाई बैगा के आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया।

# गेहूं उपार्जन की अवधि 20 तक बढ़ी

उमरिया। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्यप पर गेहूं उपार्जन हेतु जारी नीति में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि 15 मई तक निर्धारित की गई थी। कृषको की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि 20 मई तक के लिए बढाई गई है ।

## खबर संक्षेप

### माह के प्रथम दिन वंदेमातरम का किया गया गायन



**उमरिया।** माह मई के प्रथम दिन कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की उपस्थिति में कलेक्टर परिसर में संगीतमय वंदे मातरम, मध्य प्रदेश गान एवं जन गण मन का गायन किया गया, तत्पश्चात शासकीय काम काज की शुरूआत की गई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले, अंबिकेश प्रताप सिंह, तहसीलदार सतीश सोनी सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### मजदूर दिवस पर हुआ वृहद रक्तदान शिविर



**उमरिया।** जिले के बिरसिंहपुर पाली में स्थित एमपीईबी कालोनी के चिकित्सालय में अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर संजय गांधी ताप विद्युत परियोजना के मुख्य अभियंता शशिकांत मालवीय के कुशल नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ मुख्य अभियंता शशिकांत मालवीय ने सपत्नीक किया। इस आयोजन के दौरान उमरिया मुख्यालय से शामिल चिकित्सकों की टीम ने रक्तदाताओं को रक्तदान के फायदे और कायदे बताते हुए भविष्य में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। आयोजन में पॉवर प्लांट प्रबंधन के द्वारा परियोजना में कार्यरत श्रमिकों का सम्मान शाल श्री फल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया गया, वही चिकित्सकीय टीम का सम्मान कर सहयोग के लिए आभार जताया गया। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में रक्तदान को महादान बताते हुए मुख्य अभियंता शशिकांत मालवीय ने सपत्नीक रक्तदान कर समाज को प्रेरणादाई संदेश देते हुए सभी से रक्तदान करते रहने की अपील की। पॉवर प्लांट के दक्ष मुख्य अभियंता शशिकांत मालवीय ने अपने अंदाज में लोगों को प्रेरित करते हुए कहा मौका दीजिए अपने खून को किसी की रगो में बहने का..ये लाजवाब तरीका है, कई जिस्मों में जिंदा रहने का। महिला मंडल ने रक्तदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान के उपरांत अपने अनुभव साझा कर जरूरतमंदों को रक्तदान करने की अपील की। उल्लेखनीय कि इस रक्तदान शिविर में परियोजना के सभी अधिकारीगण सपत्नीक रक्तदान किए वही पॉवर प्लांट में अपनी सेवा देने वाले बुजुर्गो ने स्वप्रेरणा से रक्त देकर अपनी सहभागिता निभाई।


### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य बजाग का निरीक्षण

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य बजाग का निरीक्षण किया। मरीजो से उनके स्वास्थ्य के बारे में जाना। उन्होंने अधिकारियों से दवाइयों की उपलब्धता, आपूर्ति, स्वास्थ्य परीक्षण सुविधा का जायजा लिया। साथ ही निर्देशित किया कि बदलते मौसम के साथ बिमारियों में वृद्धि होती है, इसलिए पहले से ही स्वास्थ्य टीम सतर्क रहे। गर्मियों में पानी की कमी से कई रोग उत्पन्न होते हैं,

### आम के पेड़ से गिरने से बालिका की मौत

**मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी के ग्राम मटियारी में आम के पेड़ से गिरने से घायल बालिका की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर लगभग डेढ़ बजे ग्राम मटियारी निवासी घनश्याम उद्दे की छह वर्षीय बच्ची अंजलि उद्दे बच्चों के साथ आम के पेड़ पर चढ़कर खेल रहे थे तभी अंजलि का संतुलन बिगड़ा और वह पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने आपातकालीन वाहन को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही आपातकालीन वाहन मौके पर पहुंच गई और घायल बच्ची को लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान शाम को बच्ची ने दम तोड़ दिया।

## खबर संक्षेप



### आबकारी पुलिस ने 38 मामले किये दर्ज

**बुढ़ार।** आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद आबकारी विभाग ने बुढ़ार व्रत के विभिन्न शराब ठिकानों पर दविश देकर भारी मात्रा में कच्ची पक्की एवं महुआ लाहन जप्त कर 38 मामले दर्ज किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण भटनागर के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक रजनीश त्रिपाठी के द्वारा आबकारी व्रत क्षेत्र के अवैध शराब के अड्डों पर अवैध शराब कारोबारियों पर अपना शिकंजा कसते हुए छापा मारकर 127 लीटर हाथ भट्टी शराब,12 पांव गोवा व्हिस्की पांच बोतल बियर 20 केन बियर,26 पांव प्लेन मदिरा एवं 5820 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालयीन प्रकरण दर्ज किया है।इस धरपकड़ कार्यवाही में सीनियर आरक्षक राजेन्द्र सिंह का सराहनीय सहयोग। आबकारी उप निरीक्षक रजनीश त्रिपाठी ने बताया कि पेट्रोलिंग गस्ती के दौरान अवैध शराब विक्रय की सुचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है साथ ही क्षेत्र में शराब के अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए हैं आगे भी इसी तरह आगे भी कार्यवाही जारी रहेगा।

### शहर के अतिक्रमण पर नगर निगम अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही

**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बढ़ रहे अतिक्रमण पर अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 01.05.2024 को कैलाशपुरी मोड़ से विश्वविद्यालय के सामने तक व विश्वविद्यालय गेट से एमबीए कालेज के सामने तक अतिक्रमण कर रखी गई गोमतियों के संचालको को सूचना दी गई कि गोमतियों को तत्काल यहॉ से हटा ले अन्यथा तोड़ दिया जावेगा अथवा जप्ती की कार्यवाही भी की जावेगी। साथ ही नगर निगम क्षेत्रांतर्गत एसएफ चैराहा से पीटीएस चैराहा तक सड़क पटरी में किये गये अस्थाई अतिक्रमण को हटाये जाने की कार्यवाही अतिक्रमण प्रभारी द्वारा की गई। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ उड़नदस्ता दल मौजूद रहा।

### प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान पाने वाली अंशिका बनना चाहती है आईएएस आफीसर

**रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2024 की प्रावीण्य सूची में 12वीं कक्षा के गणित संकाय में प्रथम स्थान पाने वाली अंशिका मिश्रा आगे चलकर आईएएस आफीसर बनना चाहती है। शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल नीम चौराहा से शिक्षा प्राप्त करने वाली अंशिका ने गणित संकाय में 500 में से 493 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। अंशिका अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों व शिक्षकों को देती हैं। वह विद्यार्थियों से पूरी लगन के साथ अपना लक्ष्य लेकर पाठक्रम के अनुसार पढ़ाई करने की बात कहती हैं। उन्होंने आईएएस बनकर समाजसेवा करने का अपना संकल्प बताया।

### जर्जर दीवाल ढही, एक की मौत तीन घायल

रीवा । जिले के चोरहटा थाना अंतर्गत वीरखाम चौरा मे अचानक जर्जर दीवाल गिर गई। जिसमें चार लोग दब गए जिसमें एक की मौत हो गई ,जबकि तीन घायल है । घायल के परिजन ने बताया कि शिवलाल बुनकर के द्वारा पुरानी दीवाल को गिराया जा रहा था । अचानक पूरी दीवाल गिर गई। जिसमें घर के चार सदस्य दब गए ।घटना की जानकारी के बाद मौके अफरातफरी का माहौल निर्मित हो गया ।घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचा गया ।

---

## सरपंच निभा रहे भाईचारा, सड़क बनवाने में नहीं दिखा रहे दिलचस्पी

# दबंगई से स्कूल जाने का रास्ता रोका









### नहीं बनने दे रहे सड़क परिवारिक विवाद में पिस रही आम जनता

जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौरी में प्राथमिक स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र के पास दो लोगों द्वारा सड़क को रोका जा रहा है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बद्री पांडे एवं ओमकार पांडे दोनों की जमीन अगल-बगल लगी हुई है जिसमें बद्री पांडे द्वारा कहा जा रहा है कि हम सड़क नहीं बनने देंगे क्योंकि यह हमारी जमीन है।

ब्योहारी।

जबकि 70 सालों से इसी रास्ते से लोग चल रहे हैं इस संबंध में 16 /9 /2023 को ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र के विधायक शरद कोल को इसकी शिकायत की गई उन्होंने जिला पंचायत सीईओ को पत्र में नोट लगाकर निराकरण करने के निर्देश दिए लेकिन तत्कालीन जिला सीईओ द्वारा वह पत्र नहीं लिया गया और ईस महत्वपूर्ण मामले में ज्यादा ध्यान नहीं दिया इस कारण से सड़क नहीं बन पाई इसके अलावा एसडीएम ब्यौहारी को भी आवेदन 12/ 9/ 2023 को दिया गया लेकिन उनके द्वारा भी मौके पर पहुंचकर जांच नहीं की गई एवं सड़क बनवाने का प्रयास नहीं किया गया उल्लेखनीय है कि सड़क न होने के कारण बच्चों को बरसात के समय में घुटनों तक के कीचड से घुसकर के जाना पड़ता है इसके अलावा अन्य राहगीरों को भी निकलने में काफी दिक्कतें आती है क्योंकि चौरी से जनकपुर जाने को यह एकमात्र मार्ग है इस संबंध में जानकारी के लिए सरपंच ऋषि तिवारी कई बार फोन लगाने की कोशिश की गई लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया क्या है सच्चाई - हमारे सवाददाता ने सड़क निर्माणमें हो रही बाधा पर सच्चाई जानने की कोशिश की जिसमें यह बात निकलकर सामने आई की सड़क के अगल-बगल बद्री पांडेय एवं ओंकार पांडे की जमीन लगी हुई है और उनके बीच परिवारिक विवाद भी जिसका खामियाजा जनता को उठाना पड़ रहा है दोनों सेवा निवृत पटवारी कानूनगो रह चुके हैं और परिवार के भी है और अपने आप को राजस्व का विशेषज्ञ मानते हैं इसलिए जो भी जाता है उसको उलझा देते हैं जबकि सच्चाई ओमकार पांडे द्वारा शासकीय जमीन पर कब्जा किया गया तो बद्री पांडे का यह कहना है कि जब रोड बनना ही है तो शासकीय जमीन पर बने मैं अपनी जमीन क्यों दूंअभी जो रोड है उसे पर बद्री पांडे अपना हक जताते हैं जबकि थोड़ी सी जमीन उनकी फस रही है और जब रोड में काम लगा था तो उनके द्वारा दबंगई पूर्वक काम बंद कर दिया गया और एक बहुत बड़ी आबादी को सड़क से वंचित कर दिया जबकि इन दोनों के पास कई एकड़ पुश्तैनी जमीन है लेकिन सार्वजनिक हित के लिए दो-चार फीट जमीन भी देने को तैयार नहीं ग्रामीणों की मांग है कि शासकीय जमीन पर कब्जा करने वाले ओमकार पांडे की कब्जा को हटाया जाए और रोड बनवाया जाए या फिर जिला प्रशासन द्वारा समन्वय बनाकर आपसी तालमेल से रास्ता बनवायें ।इनका कहना है वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मैं मैं वहां जांच करने गया था लोगों से बात की तो उन्होंने बताया कि यहां पर कोई सड़क नहीं रोक रहा है पंचायत खुद सड़क नहीं बनवाना चाहती इसलिए रोकने का बहाना करती है यदि कोई सार्वजनिक सड़क रोक रहा है तो पंचायत द्वारा लिखित रूप से तहसीलदार के समक्ष रोकने वाले के खिलाफ आवेदन नहीं दिया गया । पंचायत द्वारा सड़क बनवाई जाये यदि कोई रोकता है तो हमें सूचित करें हम मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान करेंगे राजस्व अमला सहयोग करने को तैयार है । सुधाकर सिंह पटवारी हल्का चौरी ,धरी नंबर 2 ब्यौहारी ।सड़क बनाने मे बद्री पांडे द्वारा विवाद किया जाता है क्योंकि जब वह सड़क बनी थी तब उनके द्वारा नहीं रोका गया सड़क 40 साल पहले बनी थी जब वह अनूपपुर में कानूनगो थे अब सेवानिवृत हो गए हैं और अब कहा जा रहा है कि सड़क मेरे पट्टे में है इसलिए बीच में 50 मीटर सड़क अधूरी है यदि राजस्व अमला सहयोग करता है तो पंचायत सड़क बनाने को तैयार हैं ।श्री राम तिवारी सचिव ग्राम पंचायत चौरी।ग्राम चौरी में सड़क रोकी जा रही है मामला मेरे संज्ञान में आया है सड़क निर्माण के लिए जमीन दे दें अन्यथा शासकीय जमीन को बलपूर्वक खाली कराया जाएगा सड़क भी बनवाई जाएगी जो भी बाधा उत्पन्न करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बाधा उत्पन्न करने वालों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की जाएगी।

---



# श्रीराम कथा की बैठकी आज

### संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव का कलश यात्रा नगर भ्रमण



**ब्योहारी।** ब्योहारी में केशरवानी धर्मशाला में संगीतमयी श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन एवं कलश यात्रा नगर भ्रमण सरस्वती मोहल्ला होते हुऐ राम जानकी से लक्ष्मी नारायण मंदिर से होते हुऐ बनसुकली चौराहा से देवी मंदिर (मंढुलिन ) होते हुऐ गायत्री मंदिर शक्ति पीठ के बाद केशरवानी धर्मशाला में कलश यात्रा समाप्त के संगीतमयी श्रीराम कथा महोत्सव की बैठकी व कथा प्राराभ्भ आज दिनांक 01-05-2024 से 09-05- 2024 को संगीतमयी श्रीराम कथा चलेगा।

---

## भाजपा महिला नेत्री ने पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम चंद पर लगाये गंभीर आरोप

# निष्पक्षता से जांच और कार्रवाई किये जाने की मांग

### आखिर क्या वजह है सात माह पूर्व एसपी से हुई शिकायत में जांच क्यों नहीं हो रही, फाइल धूल चाट रही

शहडोल।

जिले के बुढ़ार थाने में एक ऐसा पेचीदा मामला सामने आया है है जिसमें एक ही राजनीतिक दल के कार्यकर्ता एक दुसरे पर आरोप लगा रहे, पिछले सात महीने पूर्व पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत आज भी जांच और कार्रवाई की वांट जो रही है,मिली जानकारी के अनुसार पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम चंद मिश्रा पर उन्ही के पार्टी की भाजपा नेत्री एवं नगर परिषद वार्ड 15 की पार्षद श्रीमती जूली रजक ने यह लिखित शिकायत दर्ज कराई की पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम चंद मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाया है।

### क्या है रसूख... बचाने कार्रवाई नहीं हो रही

सबाल यह भी है यदि महिला पार्षद के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम चंद मिश्रा पर लगायें गये आरोप सत्य है तो पुलिस उनके अपराधिक कृत्यों के दस्तावेज क्यों नहीं खंगालने से क्यों बच रहे हैं, संगीन आरोप होने के बाद भी पुलिस की क्या ऐसी मजबूरी है जो मिश्रा पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। यदि प्रेम चंद मिश्रा पर पार्षद पति रवि रजक को बलात्कार जैसे संगीन आरोप में फंसाने का षड्यंत्र रचा है तो पुलिस पुछताछ क्यों नहीं कर रही है।

### यह आरोप लगाया

पुलिस अधीक्षक को सौंपें गये अपने शिकायत पत्र में पार्षद जूली



रजक ने पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम चंद मिश्रा पर कोयले का अवैध गतिविधियों में शामिल होना एवं जमीनों को अवैध तरीके से नियम विपरीत क्रेशर प्लांट का संचालन करने का आरोप लगाया था, इसके साथ ही यह भी आरोप लगाया कि उनके पति को बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने की साज़िश भी रच रहे हैं। गौरतलब है कि एसपी से 7 माह पूर्व की गई शिकायत पर कार्रवाई कागजों तक ही सीमित रह गई है मामला क्यों नहीं पुलिस दर्ज कर रही है इन सभी सबालो में छिपी है पुलिस।

### अतः सवाल यह भी

पुलिस कार्रवाई नहीं होता देख जनमानस में यह भी सवाल बना हुआ है कि कहीं महिला पार्षद ने प्रेम चंद की साख में बट्टा लगाने का तो प्रयास नहीं कर रही है।

सुत्रों के अनुसार पार्षद पति रवि रजक और प्रेम चंद मिश्रा के बीच पुरानी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वीता और ज़मीन के साथ एक मामले में विभिन्न धाराओं में अरोपी है। कहीं महिला पार्षद ने अपने पति को कानूनी दांवपेंच से बचाने का षड्यंत्र तो नहीं रच रही है, यह शिकायत की यदि पुलिस निष्पक्षता के साथ जांच करें तो,कई चौकाने वाले तथ्य सामने आ सकते है।

---




# रीवा मेडिकल कॉलेज से लगातार पलायन कर रहे हैं डॉक्टर

**रीवा।** श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर छोड़कर जा रहे हैं। कई डॉक्टर छोड़कर सतना सहित अन्य कॉलेजों में ज्वाइन कर चुके हैं। अब जो बचे हैं, वह भी जाने की तैयारी में हैं। कई डॉक्टरों ने एनओसी ले ली है। ऐसे में एमबीबीएस की परीक्षा में हालात ऐसे हैं कि इंटरनल के लिए भी पड़ोसी जिला से शिक्षकों को बुलाना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि मप्र सरकार धड़ाधड़ मेडिकल कॉलेज की घोषणा कर रही है। प्रदेश में अब 19 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं। कई मेडिकल कॉलेज शुरू हो गए हैं। इन कॉलेजों में प्रवेश की तैयारी है। इसके पहले शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसका असर वर्तमान में संचालित मेडिकल कॉलेजों पर पड़ रहा है। श्याम शाह मेडिकल कॉलेज रीवा इससे अछूता नहीं रह गया है।पड़ोसी जिला सतना में मेडिकल कॉलेज की शुरुआत हुई तो कई डॉक्टर यहां से पलायन कर गए। कॉलेज छोड़ने के पहले डॉक्टरों को मेडिकल कॉलेज से एनओसी लेनी पड़ती है। इस प्रक्रिया को भी कई प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसरों ने पूरी कर ली है। ऐसा नए डीन के आने के पहले ही पूरी कर ली। उन्हें इस बात का अंदेशा था कि नए डीन के आने से उनकी मंशा पर पानी फिर सकता था कि ऐसे में स्थापना लिपिक से मिलकर एनओसी क्लियर कर ली। फार्मेकोलॉजी विभाग में डॉ प्रभाकर सिंह भी सह प्राध्यापक के पद पर हैं लेकिन वह कोर्स करने बाहर चले गए हैं। अब डेढ़ से दो साल के पहले वह लौट नहीं सकते हैं। ऐसे में यदि डॉ आदेश पाटीदार कहीं दूसरे मेडिकल कॉलेज में ज्याइन करते हैं तो विभाग में कोई भी प्रोफेसर नहीं बचेगा।

**एक प्रोफेसर के भरोसे चल रहा फोरेंसिक विभाग_-** इसी तरह शिक्षकों की कमी से फोरेंसिक विभाग भी जूझ रहा है। यहां जितने भी डाक्टर थे, सब छोड़कर बाहर जा चुके हैं एचओडी डॉ शशिधर गर्ग थे, वह भी सतना मेडिकल कॉलेज में डीन के पद पर ज्वाइन कर चुके हैं। अब सिर्फ एक सह प्राध्यापक डॉ रजनीश पाण्डेय बचे हुए हैं। इन्हीं के भरोसे विभाग चल रहा है। ऐसे में यदि यह भी कहीं दूसरी जगह ज्वाइन करते हैं तो यह विभाग भी पूरी तरह से खाली हो जाएगा।

### इनका कहना है

मेडिकल नेशनल प्रायरिटी में चिकित्सकों मे एक दो चिकित्सक आते-जाते रहते हैं अभी हमारे यहां पीजी सहित सुपर स्पेशलिस्ट आर्ट जैसे और भी नए-नए कोर्स चालू होने वाले हैं अभी हमारे यहां लगभग 200 अध्यापक मौजूद है रिक्त पदों के लिए लगातार व्यवस्था बनाई जा रही है

**डॉ सुनील अग्रवाल डीन मेडिकल कॉलेज रीवा**

---

## नल-जल योजना निर्माण में कम प्रगति वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करें - कलेक्टर

# बोरवेल खुले पाए गए तो उसके मालिक पर दर्ज होगी एफआईआर

रीवा




कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में नल-जल योजनाओं की प्रगति तथा पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिन नल-जल योजनाओं का कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो गया है उनका कार्य 15 मई तक पूरा कराकर उसे ग्राम पंचायत को हैण्डओवर कराएं। शेष नल-जल योजनाओं का कार्य 31 मई तक पूरा कराएं। कार्यपालन यंत्री पीएचई नल-जल योजनाओं की प्रगति की हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नल-जल योजनाओं के निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। जिन ठेकेदारों की प्रगति 15 प्रतिशत से कम है तथा समयावधि लगभग पूरी हो रही है उन्हें ब्लैक लिस्टेड करें। प्रत्येक घर को नल का कनेक्शन देने के लिए तैयार कार्ययोजना में जिन गांव की बस्तियाँ छूट गई हैं उनके पूरक प्रस्ताव 15 मई तक अनिवार्य रूप से शासन को प्रेषित करें।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में इस वर्ष औसत से कम वर्षा होने के कारण भूजल स्तर में तेजी से गिरावट हो रही है। पेयजल की आपूर्ति के लिए जहाँ तक संभव हो सतही जल का उपयोग करें। हैण्डपंपों में राइजर पाइप लगाने के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में पर्याप्त मात्रा में राइजर पाइप उपलब्ध कराएं। साथ ही वाहन एवं अन्य संसाधनों के साथ हैण्डपंप सुधार के लिए दल तैनात करें। विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर पेयजल व्यवस्था के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम में प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाही करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रत्येक ग्राम पंचायत में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। छोटी-मोटी कठिनाई के कारण जो नल-जल योजनाएं बंद हैं उन्हें सुधारकर तत्काल चालू कराएं। पूर्ण नल-जल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कराएं। नल-जल योजनाओं से नल कनेक्शन के बाद ग्राम पंचायत निर्धारित राशि की वसूली करे। लक्ष्य में 70 प्रतिशत से अधिक वसूली करने वाली ग्राम पंचायतों को जिला खनिज मद से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पूरे जिले में 30 अप्रैल तक अभियान चलाकर अनुपयोगी और खुले बोरवेल बंद कराए गए हैं। राजस्व अधिकारी तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण के दौरान इसका सत्यापन करें। यदि अब भी कोई बोरवेल खुला पाया जाता है तो उसके मालिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सभी पूर्ण नल-जल योजनओं का मौके पर सत्यापन कर प्रतिवेदन दें।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि कार्यपालन यंत्री पीएचई सभी ठेकेदारों से नल-जल योजना के लिए बिजली कनेक्शन के प्रस्ताव आज ही प्राप्त कर लें। इसे अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल को प्रस्तुत कर तत्काल कनेक्शन की कार्यवाही कराएं। ग्रामीण क्षेत्र में निर्माण कार्यों से नल-जल योजना की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त न हो इसके लिए मानक प्रक्रिया तथा निर्देश जारी कराएं। जिन निर्माण एजेंसियों ने पाइपलाइन क्षतिग्रस्त की है उनसे सुधार कराया जाएगा। नल-जल योजना के ठेकेदार भी पाइपलाइन में सुधार के बाद ही ग्राम पंचायत को हैण्डओवर करें।

बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि जिले में जल जीवन मिशन के तहत 427 नल-जल योजनाएं स्वीकृत हैं। इनमें से 237 का निर्माण कार्य पूरा हो गया है तथा 62 ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर दी गई हैं। जिले में वर्तमान में 209 नल-जल योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। जिले में बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में समुचित व्यवस्था की गई है। जिन नल-जल योजनाओं का कार्य 60 प्रतिशत पूरा हो गया है उन्हें 31 मई तक शत-प्रतिशत पूरा करके ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कर दिया जाएगा। बैठक में सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला प्रबंधक जल जीवन मिशन चित्रांशु, पीएचई के अनुविभागीय अधिकारी तथा उपयंत्री एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

---

# ईवीएम की कलेक्टर से लेकर पुलिस के जवान तक कर रहे निगरानी

**रीवा ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान संपन्न हो गया। मतदान के बाद इंजीनियरिंग कालेज में विधानसभावार बनाए गए 8 अलग-अलग स्ट्रांग रूमों में ईव्हीएम मशीनें रखी गई हैं। इनकी सुरक्षा के लिए केन्द्रीय अद्र्धसैनिक बल के सशस्त्र जवान तैनात किए गए हैं। स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्ट्रांग रूम की 24 घंटे निगरानी के लिए तीन पालियों में राजस्व अधिकारी तैनात किए हैं। जारी आदेश के अनुसार 27 अप्रैल से 3 मई की अवधि में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तहसीलदार नीलेश सिंह तथा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तहसीलदार सुमित गुप्ता तैनात रहेंगे। इसी तरह 4 मई से 10 मई की अवधि में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा तथा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक तहसीलदार नीलेश सिंह तैनात रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### अनूपपुर वन मंडल में मिले 767 गिद्ध तथा 146 गिद्धों के आवास

**अनूपपुर।** वन विभाग द्वारा 28 अप्रैल से 01 मई के मध्य तीन दिवसीय गिद्धों के द्वितीय चरण के गणना का कार्य प्रदेश के अन्य स्थानों की तरह अनूपपुर वन मंडल में भी वन विभाग के अधिकारियों /कर्मचारियों द्वारा किया गया इस दौरान तीन दिवसीय गिद्ध गणना में अनूपपुर वन मंडल में 767 वयस्क एवं अवयश्क गिद्ध तथा 146 गिद्धों के आवास मिले हैं,गणना के इस कार्य में वन मंडलाधिकारी अनूपपुर श्रद्धा पेन्दे,उपवन मंडलाधिकारी अनूपपुर पी,के,खत्री के साथ अहिरवां,अनूपपुर वन परिक्षेत्र के वन परिक्षेत्राधिकारी परिक्षेत्र सहायको, वनरक्षको एवं सुरक्षा श्रमिकों के सहयोग से गणना की गई है। तीन दिवसीय गणना के दौरान वन परिक्षेत्र अहिरगवां के कठौतिया पूर्व बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ 88 एवं 89 में कुल 32 अवयस्क 116 वयस्क गिद्धों के साथ 20 गिद्धो के आवास मिले है, कठौतिया पश्चिम बीट के कक्ष क्रमांक 86 एवं 87 में 105 अवयस्क गिद्ध 400 वयस्क गिद्धों के साथ 90 गिद्धों के आवास मिले हैं, जबकि वन परिक्षेत्र अहिरगवां के ही जुगवारी बीट के कक्ष क्रमांक आर 47 में 09 अवयस्क 63 वयस्क गिद्धों के साथ 10 गिद्धों की आवास गणना के दौरान मिले हैं। वन परिक्षेत्र अनूपपुर के बडहर बीट में कक्ष क्रमांक 390 एवं 391 में 02 अवयस्क 40 वयस्क एवं 26 गिद्धों के आवास गणना के दौरान प्राप्त हुए है। इस तरह अनूपपुर वन मंडल में 148 अवयस्क गिद्ध, 619 वयस्क गिद्ध के साथ कुल 767 गिद्ध गणना में मिले हैं जबकि 146 गिद्धों की आवास पहाड़ों एवं विभिन्न तरह के पेड़ो में प्राप्त हुए हैं।

### जब प्राचार्य ने पढ़ाया कर्तव्य का पाठ तो नाराज हो गए मास्साब

**अनूपपुर।** कुछ सरकारी मुलाजिम सरकार से मोटा वेतन लेने के बाद भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन नही करना चाहते हैं और अगर उन्हें उनका कर्तव्य याद दिलाया जाता है तो फिर वह अपने ही सहकार्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने पर आमादा हो जाते हैं। ऐसे ही एक कर्तव्यहीन शिक्षक योगेंद्र सिंह, जिले के ग्राम धिरौल स्थित शासकीय हाई स्कूल मे पदस्थ हैं। जो केवल विद्यालय मे उपस्थिति पंजी मे हस्ताक्षर कर हर दिन घर चले जाते है। जब विद्यालय की प्राचार्य संध्या पाण्डेय ने उक्त शिक्षक को उनका कर्तव्य याद दिलाते हुए विद्यालय मे समय पर आने की बात कही तो वह आग बबूला हो गया। इतना ही नही प्राचार्य द्वारा याद दिलाए गए कर्तव्य से वह इस कदर नाराज हुआ कि प्राचार्य के खिलाफ ही अपने कुछ साथी कर्मचारियो के साथ मिलकर साजिश रचकर झूठी शिकायत कर दी।

### माध्यमिक शाला परिसर से हटाया गया अतिक्रमण

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय के रजहा तालाब स्थित माध्यमिक शाला प्रांगण में शासकीय जमीन में किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही मंगलवार को की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान तहसीलदार जी.एस. शर्मा, थाना कोतवाली अनूपपुर के नगर निरीक्षक अरविन्द जैन, नगरपालिका के स्वच्छता निरीक्षक डी.एन. मिश्रा, बृजेश मिश्रा तथा पटवारी आदि मौजूद रहे।

### दावा आपत्ति निराकरण समिति की बैठक 4 को

**अनूपपुर।** ग्राम रोजगार सहायक की नियुक्ति के संबंध में किसी भी प्रकार के विवाद के निराकरण हेतु गठित जिला स्तरीय दावा आपत्ति निराकरण समिति की बैठक 4 मई को प्रातः 10:30 बजे से जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बताया है कि जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत लहरपुर, महुदा, खोलाड़ी के ग्राम रोजगार सहायक के नियुक्ति के संबंध में शिकायत आवेदन प्राप्त हुए हैं।

नए ठेकेदार का कारनामा

# एमआरपी से ज्यादा दाम में बेच रहे हैं शराब

**मदिरा प्रेमियों में आक्रोश, आबकारी विभाग मौन**

**ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने से प्रशासन कर रहा परहेज**

नियम के अनुसार किसी भी वस्तु को एमआरपी से अधिक नहीं बेचा जा सकता है, लेकिन यह नियम शराब की बोतलों पर लागू होता नजर नहीं आ रहा है। प्रदेश में शराबबंदी तो नहीं हुई, लेकिन शराब दुकान में मदिरा प्रेमियों की जेब जरूर काटी जा रही है। शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक दाम पर शराब की बिक्री से मदिरा प्रेमियों में भारी नाराजगी व्याप्त है जिसकी शिकायत भी जिम्मेदारों तक पहुंचने के बाद भी कान मे जूं तक नही रेंग रही है जिससे एक ओर मदिरा प्रेमी लुट रहे हैं वही दूसरी ओर आबकारी विभाग द्वारा जानकर भी कार्यवाही से गुरेज करने पर शराब ठेकेदार की आबकारी विभाग से सांट-गांठ की बू भी आ रही है।

अनूपपुर।







1 अप्रैल 2024 से मध्य प्रदेश में शराब के नए ठेके शुरू हो गए हैं। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में भी देशी-विदेशी शराब के नए ठेके नीलाम हुए हैं। शराब के नए ठेके को लागू हुए कुछ दिन ही बीते है और शराब ठेकेदारों ने मनमानी शुरू कर दी है। देशी-विदेशी शराब निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर खुलेआम बेची जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सब कुछ आबकारी विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में हो रहा है। शराब प्रेमियों का कहना है कि शराब ठेकेदार जहां ग्राहकों के जेब पर डाका डालकर बेहिसाब मुनाफा कमा रहे हैं, वहीं विभागीय अधिकारियों की भी जेब भर रहे हैं। यह हाल एक दुकान या जिला मुख्यालय का नहा है बल्कि पूरे जिले मे मदिरा प्रेमियों को बेरोकटोक लूट जा रहा है क्योंकि लगभग पूरे जिला का ठेका छत्तीसगढ़ निवासी एक ही व्यक्ति को मिला है जो राजनीतिक रसूख का बेजा फायदा उठाते हुये मनमानी पर उतारू है।

### क्यों चुप्पी साधकर बैठा है आबकारी विभाग?

शराब व्यापार से जुड़े सूत्रों की माने तो लाइसेंसी ठेकेदारों द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर शराब बेची जा रही है और इस तरह प्रत्येक शराब की दुकान पर प्रतिदिन 50 हजार से अधिक की अतिरिक्त कमाई हो रही है। इस अतिरिक्त कमाई का हिस्सा विभागीय अधिकारियों तक भी पहुंच रहा है। शायद यही वजह है कि अधिकारियों ने इस गंभीर मामले में भी चुप्पी साध रखी है।

### एमआरपी से अधिक दर पर बेचना कानूनन अपराध

शराब की बोतल पर एमएसपी और एमआरपी अंकित रहता है। जिसका साफ मतलब है कि शराब ठेकेदार एमएसपी और एमआरपी के बीच में शराब का विक्रय करेगा, लेकिन शराब ठेकेदार अपने रसूख के चलते खुलेआम एमआरपी से कई गुना अधिक रुपए शराब की बोतलों पर वसूल रहा है। इसको लेकर प्रशासन ठेकेदार के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने से परहेज कर रहा है। जबकि किसी भी वस्तु को एमआरपी से अधिक दर पर बेचना कानूनन अपराध है, वहीं शराब की दुकानों के बाहर ही मदिरा प्रेमी बैठकर शराब का सेवन करते हुए नजर आ रहे हैं। कुल मिलाकर अघोषित अहाता शराब ठेकेदार द्वारा संचालित किया जा रहा है।

### स्टॉक पुराना, रेट नया

शराब दुकान संचालकों की मनमानी के चलते शराब के शौकीन लोगों को अपनी जेब ढीली कर आर्थिक परेशानी की मनमानी झेलनी पड़ रही है। यदि कोई व्यक्ति शराब की दुकान पर तैनात व्यक्ति से इस बारे में सवाल-जवाब करता है, तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाता है। मजबूरी मे मनमाने दाम की अदायगी करनी ही पड़ती है। बताया जा रहा है कि शराब की दुकानों में अभी तक पुराना स्टॉक ही पड़ा हुआ है। अलग अलग ब्रांड की शराब में प्रिंट मूल्य से अधिक के दाम लिए जाते हैं। अधिक दामों को लेकर आए दिन ग्राहकों की झड़प होती रहती है, लेकिन शराब के शौकीनों को मजबूरी में अधिक दाम देने पड़ते हैं। शराब की कई दुकानों में रेट लिस्ट तक नहीं लगाई गई है।

### झूमाझटकी तक उतारू सेल्समेन

शराब दुकानों मे प्रिंट रेट से अधिक शराब बेचे जाने पर मदिरा प्रेमियों द्वारा इसकी जानकारी लेने पर सेल्समेनों द्वारा लिये जा रहे कीमत का बिल नही दिया जाता, बिल मांगे जाने की जिद करने पर उनके द्वारा झूमाझटकी तक बात पहुंचा दी जाती है तथा लोगों से लड़ने पर उतारू हो जाते हैं। यहां तक कि शराब दुकानों मे मदिरा प्रेमियों के बीच हुये वाद विवाद की वीडियो तक सोशल मीडिया मे वायरल हो चुकी है। इस संबंध मे मदिरा प्रेमियों द्वारा जिम्मेदार आबकारी विभाग तक शिकायत भी पहुंचाई, लेकिन आंतरित मेल मिलाप की वजह से शिकायतों को रद्दी की टोकरी मे डाल जिम्मेदारों मे गोल मोल जवाब देकर कार्यवाही से कन्नी काट ली और लगातार एक माह से मदिरा प्रेमी बेवजह लुटने को मजबूर है।

# अप्रशिक्षित कर रहे सीएम राइज स्कूल का भवन निर्माण

## सिर्फ कोरम पूरा करने पर आमादा ठेकेदार





### दर्जनों फलदार आम के पेड़ काटने की तैयारी, लोगों में भारी आक्रोश

जमुना/बदरा।

बदरा में करोड़ों रुपए की लागत से बन रही सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण के काम में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन काम कराया जा रहा है जिसे देखने वाला कोई नहीं है। निर्माणाधीन भवन को पूरी तरह मजदूरों व अप्रशिक्षित लोगों के भरोसे छोड़ दिया गया है जो अपने ज्ञान व सुविधानुसार काम कर रहे हैं। यहां पर निर्माण कार्य से संबंधित बोर्ड तक नहीं है जिससे ठेकेदार की मंशा पर सवाल खड़े होना लाजिमी है। बताया गया कि कोरम पूरा करने के लिए ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य वाले जगह में सबसे पीछे एक दीवार पर प्रयोगशाला सीएम राइज स्कूल व ठेकेदार का नाम लिख कर अधिकारियों को भ्रमित करने का प्रयास किया गया है जबकि नियमों की यदि बात किया जाये तो किसी भी बड़े निर्माण कार्य को शुरू करने के पहले मुख्य द्वार पर जानकारी वाला बोर्ड लगाने के निर्देश शासन द्वारा दिये गए हैं जिसमें साफ साफ निर्माण कार्य व निर्माण एजेंसी का नाम, स्वीकृति वर्ष, पूर्णता अवधि, कार्य की लागत एवं मजदूरी दर की पूरी जानकारी देनी चाहिए परन्तु ठेकेदार ने जिम्मेदार लोगों के साथ सांठ गांठ करते हुए ऐसा नहीं किया जिससे पहले ही दिन से उनके मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नियमों की बात करें तो सब इंजीनियर के देख रेख में काम किया जाना चाहिए जिससे कार्य में गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे लेकिन यहां पर पूरा काम मजदूरों के भरोसे छोड़ दिया गया है और अप्रशिक्षित लोग अपने हिसाब से काम कर रहे हैं जिसके चलते करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी देखी जा सकती है। बताया गया कि बदरा में सीएम राइज स्कूल भवन निर्माण के लिए शासन द्वारा 22 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया है जिसका ठेका मेसर्स मोहन पोद्दार रायपुर को दिया गया है इस काम को नियमों व निर्धारित प्राक्कलन के अनुसार कराने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की है लेकिन अनूपपुर जिले में लोक निर्माण विभाग की स्थिति किसी से छिपी हुई नहीं है। निर्माण एजेंसी द्वारा सब इंजीनियर रखने की बात कही गई है किंतु वे कभी भी स्थल पर मौजूद नहीं रहते हैं वहां पर कार्यरत कर्मचारियों के साथ चर्चा के दौरान एक नम्बर दिया गया जो सब इंजीनियर का बताया गया लेकिन जब उनसे बात करने का प्रयास किया गया तो वह नम्बर नाट रिचेबल बता रहा था।

### फलदार पेड़ काटने की तैयारी

बदरा में निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल परिसर में लगे फलदार आम के दर्जनों पेड़ काटने की तैयारी की जा रही है जिससे क्षेत्र में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि लगभग पचास साल से अधिक पुराने आम के फलते फूलते पेड़ो को काटने से जहां पर एक ओर पर्यावरण को नुकसान होगा वहीं पर दूसरी तरफ लोगों की भावना भी आहत हो रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि शासन प्रशासन पेड़ लगाने की बात करता है लेकिन वर्षों पुराने फलदार पेड़ो को काटने की इजाजत देने में संकोच नहीं करता है। बेहतर होता कि आधुनिक तकनीक से सभी वृक्षों को अन्यत्र लगाया जाता लेकिन पैसे बचाने के चक्कर में ठेकेदार द्वारा पेड़ो को कटवाने की तैयारी की जा रही है। निर्माण स्थल पर मौजूद ठेकेदार के एक कार्यकर्ता द्वारा बताया गया कि आम के पेड़ों को काटने की अनुमति मिल गई है। जल्द ही सभी पेड़ो को कटवाया जायेगा। ग्रामीणों ने कलेक्टर आशीष वशिष्ठ से पूर्वजों द्वारा लगाए गए फलदार आम के पेड़ों को बचाने एवं सीएम राइज स्कूल के निर्माण कार्य में बरते जा रहे अनियमितिता की निष्पक्ष जांच शुरू कर कार्यवाही करने की मांग की है।

# अमरकंटक में बंदरों का आतंक

### पर्यटक व नगरवासी भयभीत

**अमरकंटक।** मैकल पर्वत पर स्थित रमणीय स्थल अमरकंटक जो धार्मिक नगरी के साथ ही चर्चित पर्यटक नगरी भी है जहां पर मध्य भारत की जीवन दायिनी नदी मां नर्मदा की उद्गम स्थल भी है। अमरकंटक चारों तरफ से सघन वनों से आच्छादित है एवं तीन पर्वतों की श्रृंखला अमरकंटक में मिलती हैं जिससे यहां का वातावरण एवं पर्यावरण पर्यटकों को मोहित करता है परंतु वर्तमान समय में अमरकंटक में बंदरों का आतंक इस कदर बढ़ा है कि जितने भी अमरकंटक के घूमने वाले स्थान हैं वहां पर पर्यटकों से ज्यादा बंदर पाए जा रहे हैं। वर्तमान में मां नर्मदा उद्गम स्थल परिसर में बंदरों के द्वारा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को काफी परेशान किया जाता है। ठीक उसी तरह सोन नदी के उद्गम स्थल सोनमूड़ा में



प्रायः बंदरों के द्वारा यात्रियों एवं पर्यटकों को हानि पहुंचाई जाती है। अमरकंटक में दक्षिण भारत से पर्यटक रोज लगभग हजारों की संख्या में नर्मदा नदी में पिंडदान करने आ रहे हैं जो बंदरों के आतंक से भयभीत हैं। ऐसे में नगर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए कि पर्यटन स्थलों पर जहां पर बंदरों की संख्या ज्यादा है वहां पर बंदरों की रोकथाम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिसमें नगर परिषद अमरकंटक एवं वन विभाग अमरकंटक की जवाब देही बनती है। कल ही एक पर्यटक को बंदर ने ऐसा काटा गया कि पूरे हाथ में उसको टांके व इंजेक्शन लगवाना पड़ा उसका त्वरित उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे किया गया जिससे उसे राहत मिली। ऐसा प्रायः हर दूसरे तीसरे दिन पर्यटकों के अलावा नगर के नगर वासियों के घरों पर भी मंदिरों का आतंक हावी है। जल्द ही अगर इस ओर शासन प्रशासन द्वारा कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो अमरकंटक में पर्यटकों का आना कम हो जाएगा जो चिंता जनक समस्या है।

# कमिश्नर ने मेडियारास में आयोजित कार्यक्रम में मजदूरों को किया सम्मानित



### मजदूर राष्ट्र के निर्माणकर्ता हैं- कमिश्नर

**अनूपपुर।** कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद ने कहा है कि मजदूर राष्ट्र के निर्माणकर्ता होते हैं। मजदूरों के बिना देश में कोई भी निर्माण कार्य संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज मजदूर दिवस है। यह मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि मैं मेंडियारास के पवित्र भूमि में आप सभी मजदूर भाइयों के बीच आया हूं। मुझे बहुत ही अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में मजदूरों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। मजदूर कितना भी बड़ा कार्य क्यों ना हो, कार्य करना है, सिर्फ यह जानता है तथा बड़े-बड़े निर्माण कार्य मजदूरों के बिना संभव नहीं है। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बी.एस. जामोद आज अनूपपुर जिले के ग्राम मेंडियारास में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कमिश्नर ने सभी मजदूरों को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। हमें बच्चों की पढ़ाई छुड़वाना नहीं, बल्कि उन्हें आगे बढ़ाना है। बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूलों में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। छात्रों के सभी परिजन उन सुविधाओं का लाभ उठाएं तथा अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाई कराएं, जिससे बच्चा अपने पैर पर खड़ा होकर अपने मां-बाप का नाम रोशन कर सके तथा राष्ट्र निर्माण में सहभागिता निभा सके। कमिश्नर ने कहा कि हर मां-बाप का सपना होता है कि हमारा बच्चा हमसे भी चार कदम आगे बढ़े, वह सपना सिर्फ शिक्षा से ही पूरा हो सकता हैं। अगर कोई छात्र 10वीं या 12वीं कक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो उसे रुकने की आवश्यकता नहीं है, निरंतर पढ़ाई जारी रख आगे बढ़ते जाना हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कहा कि मजदूरों के मेहनत का नतीजा है कि जिले में सभी निर्माण कार्य समय पर पूर्ण हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजदूर देश की संरचना होते हैं उन्ही से ही देश में हो रहे निर्माण एवं विकास कार्य संभव हो पाते हैं। उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत में मानव दिवस सृजन के लिए पर्याप्त कार्य खोले गए हैं आदर्श आचरण सहिंता के पूर्व से ही कार्यो का संचालन किया जा रहा है जिससे जिले में पलायन की स्थिति ना रहे

### कमिश्नर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

कमिश्नर शहडोल संभाग बी.एस. जामोद ने अनूपपुर जिले के ग्राम मेडियारास के बाबा कुटी परिसर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा समस्याओं के निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने निर्माणाधीन ग्रामीण उद्यान का निरीक्षण किया। इस दौरान कमिश्नर ने श्रमिकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उद्यान में फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने उद्यान में बनाए गए नेचुरल ड्रेनेज सिस्टम के जल भराव की भी जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। कमिश्नर ने अनूपपुर जिले के ग्राम मेंडियारास में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान आम के पौधे का रोपण किया। इस दौरान कमिश्नर ने सभी ग्रामीणों को वर्ष में एक फलदार पौधे का रोपण करने की अपील भी किया। कमिश्नर ने ग्राम मेंडियारास के दूर बसाहट बिरसा मोहल्ला निमार्णाधीन ग्रेवल सड़क का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने सड़क को समय सीमा में गुणवत्तायुक्त निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर ने बिरसा मोहल्ला के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

पैसों की ठगी का जालसाजों ने अपना नया पैंतरा

# बेटे को रेप केस में पकड़ने की बात कह पिता से ऐंठे 3 लाख 60 हजार

**अनूपपुर।** कमलेश कुमार ताम्रकार निवासी वार्ड नंबर 8 मेंन मार्केट जैतहरी ने 1 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय अनूपपुर मे शिकायत प्रस्तुत किया कि 30 अप्रैल को 11 बजे दो अज्ञात मोबाइल नंबर +923442224195 एवं +923271799438 से व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से बोला गया कि आपके बेटे अबिन ताम्रकार को रेप केस में पकड़ लिया गया है। आपका बेटा पुलिस रिमांड में है। मेरे बेटे का फर्जी आवाज सुनाया गया, जिसमें मेरा बेटा बार-बार बोल रहा था कि पापा मेरे को बचा लो। उसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा बोला गया कि हम आपके बेटे को जेल जाने से बचा लेंगे इस प्रकार से धोखाधड़ी करते हुए यूपीआई के माध्यम से विभिन्न खातों में 360000 रु जमा करवा लिया गया। उक्त शिकायत को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल अनूपपुर को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर साइबर सेल अनूपपुर के द्वारा आरोपियों के समस्त खातों को फ्रीज करते हुए, आरोपियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा रही है। शिकायत के संबंध में जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा बताया गया कि यह एक विशेष प्रकार का अपराध है जो वर्तमान में देखने को मिल रहा है जिसमें आपके बच्चे जो आपसे दूर शहर में पढ़ाई कर रहे हैं उनको किसी अपराध में पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने की बात कह कर लोगों से पैसों की ठगी की जा रही है।



**ऐसे अपराधियों की कार्य प्रणाली-** ऐसे माता-पिता जिनके बच्चे विदेश में या उनसे दूर किसी बड़े शहर में पढ़ाई करते हैं उन्हें साइबर जालसाजों द्वारा कॉल किया जाता है कि वह कोई पुलिस अधिकारी या वकील है। जो उस क्षेत्र के पुलिस थाने से बात कर रहे हैं जहां आपका बच्चा पढ़ाई कर रहा है तथा आपके बच्चे को एक बड़े केस जैसे बलात्कार, मर्डर या नारकोटिक्स आदि में गिरफ्तार किया गया है। जालसाज कहते हैं कि अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है यदि आप उसे बचाना चाहते हो तो उसके द्वारा बताई गई राशि किसी खाते में या यूपीआई के माध्यम से भेज दें। अधिकांशतः बच्चे कॉलेज या कोचिंग में व्यस्त होने के कारण उस दौरान कॉल नहीं उठाते और माता-पिता को लगता है कि उनके बच्चे के साथ वाकई में कोई घटना घटित हो गई है। इसके अतिरिक्त जालसाजो द्वारा नवीन तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर बच्चों की आवाज कॉल पर सुनाई जाती है। जिसको सुनकर माता-पिता को विश्वास हो जाता है कि उनके बच्चों को वाकई किसी पुलिस अधिकारी ने पकड़ रखा है और वह उसे संदिग्ध व्यक्ति जो स्वयं को पुलिस अधिकारी या वकील बताता है को बड़ी राशि ट्रांसफर कर देते हैं इस प्रकार आपसे आपके खाते में उपलब्ध अच्छी खासी रकम जमा करा ली जाती है।

**ऐसे रहें सावधान-** अनजान नंबर से आने वाले कॉल व्हाट्सएप कॉल वीडियो कॉल टेलीग्राम कॉल ना उठाएं विशेषतः जो नंबर +92 से शुरू होते हैं। अनजान व्यक्तियों पर सामान्य तौर पर विश्वास ना करें, उन्हें अपने परिवार एवं बच्चों संबंधी जानकारी ना दें, हो सकता है वह आपके परिवार की जानकारी प्राप्त कर आपको परेशान करें। परिवार का कोई व्यक्ति, बच्चा यदि पढ़ाई, नौकरी हेतु किसी अन्य शहर में जाते हैं तो संबंधित स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, संस्थान, कार्यस्थल एवं उस क्षेत्र के थाने का नंबर अपने पास रखें। जिससे किसी घटना होने पर उनसे संपर्क अथवा वेरीफाई किया जा सके। यदि कोई व्यक्ति कॉल पर स्वयं को पुलिस अधिकारी या वकील बता रहा है तो एकदम उसकी बात का विश्वास ना करें।